# अमर उजाला जनपद बरेली दिनॉक 03.04.2024

## त्योहारों पर सुरक्षा के हों पुख्ता प्रबंध : एडीजी

बरेली। अपर पुलिस महानिदेशक पीसी मीना ने मंगलवार को जोन के समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों व पुलिस अधीक्षकों के साथ गूगल मीटिंग कर आगामी त्योहारों व चुनाव की तैयारियों को लेकर दिशा-निर्देश दिए। कहा कि त्योहारों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध कर लिए जाएं।

एडीजी ने कहा कि आने वाले दिनों में जुमा अलविदा, झूलेलाल जयंती, चैत्र नवरात्र/रामनवमी, ईद, आंबेडकर जयंती व लोकसभा चुनाव हैं। थाने पर त्योहार रजिस्टर का अवलोकन कर वहां लगने वाले मेलों आदि के लिए पर्याप्त पुलिस का प्रबंध कर लिया जाए।

जुलूसों के मार्ग व मेला स्थलों का पूर्व में ही निरीक्षण कर लिया जाए। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में लगातार गश्त की जाए। पीस कमेटी, प्रबुद्ध वर्ग एवं धर्मगुरुओं के साथ बैठकें भी की जाएं।

लोकसभा चुनाव को देखते हुए अराजक तत्वों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की जाए। जनपद सीमा पर प्रभावी चेकिंग की जाए। संवेदनशील मतदान केंद्रों की ड्रोन कैमरों से निगरानी करने की व्यवस्था की जाए।

दंगा निरोधक उपकरणों को चेक कर लिया जाए तथा यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि सभी पुलिस वाहनों में दंगा निरोधक उपकरण मौजूद रहें। संवाद

## पानी की आपूर्ति के लिए कंट्रोल रूम में करें शिकायत

बरेली। गर्मी के मौसम में पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए जल निगम (ग्रामीण) अधिशासी अभियंता कुमकुम गंगवार के निर्देश पर खंड कार्यालय पर कंट्रोल रूम स्थापित हुआ है। पानी आपूर्ति की किसी समस्या का समाधान महज एक कॉल पर होगा। लोगों को कंट्रोल रूम के 05814054241 नंबर पर कॉल करना होगा। इसमें रोस्टर वार कर्मचारियों की तैनाती भी कर दी गई है। ब्यूरो

## अमृत विचार जनपद बरेली दिनॉक 03.04.2024

# संवेदनशील मतदान केंद्रों पर होगी ड्रोन से निगरानी

- एडीजी ने गूगल मीट के माध्यम से दिए दिशा निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में संवेदनशील मतदान केंद्रों की निगरानी ड्रोन से की जाएगी। एडीजी पीसी मीना ने मंगलवार को पुलिस अधिकारियों को ऑनलाइन बैठक में दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आगामी त्योहारों ईद, नवरात्र, राम नवमी और झूलेलाल जयंती पर भी सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश दिए। बैठक में आईजी डॉ. राकेश सिंह, एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान भी मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक थाने त्योहार रजिस्टर का अवलोकन करें और जुलूसों में पर्याप्त फोर्स लगाएं। इसके अलावा पीस



ऑनलाइन बैठक करते एडीजी।

कमेटी, प्रबुद्ध वर्ग और धर्म गुरुओं की बैठक करें। सोशल मीडिया पर भी नजर रखें। लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए कार्य योजना तैयार करें और अराजक तत्वों पर भी कार्रवाई करें। मतदान के दिन डायल 112 का रूट और ड्यूटी चार्ट चिह्नित करें।

**तरूण मित्र जनपद बरेली दिनॉक 03.04.2024**

# आगामी त्यौहार और चुनाव को ले एडीजी जोन ने दिए निर्देश




**बरेली, 02 अप्रैल (तरूणमित्र)।** एडीजी बरेली जोन पीसी मीना द्वारा पुलिस महानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र, पुलिस उप महानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र एवं जोन के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण के साथ गूगल मीट के माध्यम से वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग कर आगामी त्यौहारो तथा लोकसभा सामान्य निर्वाचन चुनाव-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

गूगल मीट के माध्यम से आगामी त्यौहारो जुमा अलविदा, झूलेलाल जयन्ती, चैत्र नवरात्रि/रामनवमी, ईद-उल-फितर, अम्बेडकर जयन्ती तथा महावीर जयन्ती तथा लोकसभा सामान्य निर्वाचन चुनाव-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने, अपराध नियंत्रण तथा कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। कहा कि प्रत्येक थाने पर त्यौहार रजिस्टर का अवलोकन कर लिया जाये तथा प्रत्येक थानाक्षेत्र में लगने वाले मेलों आदि पर पर्याप्त पुलिस प्रबन्ध किया जाये। त्यौहारों पर निकलने वाले जुलूसों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु मानक के अनुसार पुलिस बल तैनात किया जाये।

त्यौहारों पर निकलने वाले जुलूसों के मार्ग का पूर्व में ही निरीक्षण कर लिया जाये तथा त्यौहारों पर लगने वाले मेला स्थलों, मन्दिरों आदि पर भी सुरक्षा के प्रबन्ध किये जाये। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में प्रभावी गश्त की जाये। शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पीस कमेटी, प्रबुद्ध वर्ग एवं धर्मगुरूओं के साथ मीटिंग कर ली जाये। सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सतर्क दृष्टि रखते हुये भ्रामक व आपत्तिजनक पोस्ट का तत्काल खण्डन किया जाये।

सोशल मीडिया सेल में इसकी लगातार मॉनिटरिंग की जाये। लोकसभा सामान्य निर्वाचन चुनाव-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु पूर्व में ही कार्य योजना तैयार कर ली जाये एवं चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाये।

# युवा हस्ताक्षर जनपद बरेली दिनॉक 03.04.2024

## एडीजी ने चुनाव व आगामी त्यौहारो के लेकर समस्त राजपत्रित अधिकारीगण के साथ की वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग




**युवा हस्ताक्षर रिपोर्टर**

**बरेली।** पी०सी० मीना ,अपर पुलिस महानिदेशक,बरेली जोन द्वारा पुलिस महानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र, पुलिस उप महानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र एवं जोन के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण के साथ गूगल मीट के माध्यम से वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग कर आगामी त्यौहारो तथा लोकसभा सामान्य निर्वाचन चुनाव-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। जोन के समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, को गूगल मीट के माध्यम से आगामी त्यौहारो जुमा अलविदा, झूलेलाल जयन्ती, चैत्र नवरात्रि/रामनवमी, ईद-उल-फितर, अम्बेडकर जयन्ती तथा महावीर जयन्ती तथा लोकसभा सामान्य निर्वाचन चुनाव-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने, अपराध नियंत्रण तथा कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये की प्रत्येक थाने पर त्यौहार रजिस्टर का अवलोकन कर लिया जाये तथा प्रत्येक थानाक्षेत्र में लगने वाले मेलों आदि पर पर्याप्त पुलिस प्रबन्ध किया जाये। उक्त त्यौहारों पर निकलने वाले जुलूसों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु मानक के अनुसार पुलिस बल तैनात किया जाये। त्यौहारों पर निकलने वाले जुलूसों के मार्ग का पूर्व में ही निरीक्षण कर लिया जाये तथा त्यौहारों पर लगने वाले मेला स्थलों, मन्दिरों आदि पर भी सुरक्षा के प्रबन्ध किये जाये। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में प्रभावी गश्त की जाये। शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पीस कमेटी, प्रबुद्ध वर्ग एवं धर्मगुरूओं के साथ मीटिंग कर ली जाये। सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सतर्क दृष्टि रखते हुये भ्रामक व आपत्तिजनक पोस्ट का तत्काल खण्डन किया जाये। सोशल मीडिया सेल में इसकी लगातार मॉनिटरिंग की जाये। लोकसभा सामान्य निर्वाचन चुनाव-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु पूर्व में ही कार्य योजना तैयार कर ली जाये एवं चुनाव आयोग के निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाये। लोकसभा सामान्य निर्वाचन चुनाव-2024 के दिनॉक 19.04.2024 को प्रथम चरण में जनपद बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर एवं पीलीभीत, दिनॉक 26.04.2024 को द्वितीय चरण में जनपद अमरोहा, दिनॉक 07.05.2024 को तृतीय चरण में जनपद बरेली, बदायूँ, एवं सम्भल तथा दिनॉक 13.05.2024 को चतुर्थ चरण में जनपद शाहजहाँपुर में मतदान होना प्रस्तावित है। लोकसभा समान्य निर्वाचन चुनाव-2024 के परिप्रेक्ष्य में अराजक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखते हुये उनके विरूद्ध प्रभावी निरोधात्मक/वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी जाये। अर्न्राष्टीय/अन्तर्राज्यीय/अन्तर्जनपदीय बॉर्डर पर सतर्क दृष्टि रखते हुये प्रभावी चैकिंग की जाये इन सभी बैरियरों पर संचार माध्यमों की भी व्यवस्था कर ली जाये। मतदान के दिन डायल 112 वाहनों का रूट चार्ट एवं ड्यूटी के स्थान को चिन्हित कर लिया जाये। वी०वी०आई०पी०/वी०आई०पी० भ्रमण के दौरान नियमानुसार सुरक्षा प्रबन्ध की व्यवस्था करते हुये सतर्क दृष्टि रखी जाये। संवेदनशील मतदान केन्द्रों की ड्रोन कैमरों से निगरानी करने की व्यवस्था की जाये। आम जन को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रोत्साहित कर उन्हें मताधिकार के प्रयोग हेतु सुरक्षित माहौल प्रदान किया जाये। हिस्ट्रीशीटरों एवं आपराधिक इतिहास वाले व्यक्तियों के विरूद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही अमल में लायी जाये। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री एवं परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु प्रभावी कार्यवाही की जाये। दंगा निरोधक उपकरणों को चैक कर लिया जाये तथा यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि सभी पुलिस वाहनों में दंगा निरोधक उपकरण मौजूद रहे। सम्बन्धित अधिकारीगण द्वारा पोलिंग बूथों का भौतिक निरीक्षण कर लिया जाये तथा मतदान केन्द्रों पर प्रकाश आदि भोतिक सुविधाओं व चार पहिया गाड़ी पहुँचने की व्यवस्था को पूर्व में ही चैक कर लिया जाये। सभी जनपदों में एरिया डोमिनेशन की कार्यवाही तत्काल प्रभाव से प्रारम्भ कर दी जाये।

हिन्दुस्तान जनपद रामपुर दिनॉक 03.04.2024

# 'यूपी 112 का रूट चार्ट तैयार करें'

रामपुर,संवाददाता। अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन ने बरेली और मुरादाबाद मंडल के पुलिस अधिकारियों के साथ लोकसभा चुनाव और त्यौहारों को लेकर गूगल मीट के माध्यम से वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान लोकसभा चुनाव सकुशल सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।

मंगलवार को अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन पी सी मीना ने वीडियो कॉन्प्रेसिंग से बैठक की। जिसमें रामपर पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी भी जुड़े। एडीजी ने कहा कि प्रत्येक थाने पर त्यौहार रजिस्टर का अवलोकन कर लिया जाए। प्रत्येक थाना क्षेत्र में लगने वाले मेलों पर पर्याप्त पुलिस प्रबंध किया जाए। त्यौहारों पर निकलने वाले जुलूसों पर मानक के अनुसार पुलिस बल तैनात होना चाहिए। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में प्रभावी गश्त होनी चाहिए।

शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पीस कमेटी की बैठक प्रतिदिन थाना वार करें। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सतर्क दृष्टि रखते हुए भ्रामक और आपत्तिजनक पोस्ट का खंडन करने के निर्देश दिए। लोकसभा चुनाव में अराजक तत्वों पर कार्रवाई करने और बार्डर पर चेकिंग करने के निर्देश दिए। कहा कि मतदान के दिन डायल 112 वाहनों का रूट चार्ट और ड्यूटी के स्थान को चिन्हित किया जाए। संवेदनशील मतदान केद्रों की ड्रोन कैमरों से निगरानी, आम जन को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित, हिस्ट्रीशीटरों और आपराधिक इतिहास वाले व्यक्तियों पर कार्रवाई, अवैध शराब की ब्रिकी पर अंकुश, दंगा निरोधक उपकरणों को चैक करने के साथ ही एरिया डोमिनेशन की कार्यवाही तत्काल प्रभाव से प्रारंभ करने के निर्देश दिए।




वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पुलिस अधिकारियों के साथ जूम मीटिंग करते एडीजी जोन बरेली पीसी मीना। ● हिन्दुस्तान